यही कारण है कि अकेले इंदौर शहर के 25 से ज्यादा एलपीजी गैस वितरक रुपए 10000/- प्रति माह निरीक्षकों से लेकर नियंत्रक तक को बांट कर सभी प्रकार की जालजासियां खुले में करकर भी इन सफेदपोश गैस वितरकों का कहीं कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाता है। जबकि ये गैस वितरक खुलकर उपभोक्ताओं के साथ हर प्रकार की जालसाजियां करते हैं। गैस सिलेंडरों से गैस चोरी करने बदले में 14 ली. के सिलेंडर में 10 से 12 ली. तक पानी भर कर बेचने, गैस की कालाबाजारी करने, घरेलू सिलेंडरों से गैस निकालकर व्यावसायिक सिलेंडर में भरने तक के सारे कारोबारों को करने के बाद भी खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति के हरामखोरों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती। नियंत्रक परमार से पूछताछ करो तो मुझे मालूम नहीं है। फाइलें देखना पड़ेंगी। संबंधित से पूछना पड़ेगा तो ये श्वान किस बात का वेतन ले रहे हैं। जबकि आपस में बात करेंगे तो सब इनके भेजे से तत्काल निकल आएगा। अगर कभी जिलाधीश किसी जांच कीबाच भी करेगा किसी उपजिलाधीश या सहा. जिलाधीश के साथ टीम गठित की जाएगी तो ये खाद्य विभाग में बैठे हरामखोर सभी पेट्रोल पम्पों, गैस वितरकों, राशन दुकानों को बता देते हैं, ताकि सब जागृत हो जाएं। राशन दुकान वाले तो अधिकांश ताले लगाकर भाग जाते हैं। जिनकी दुकानें खोलकर रखना मजबूरी होती है वो अपने हिसाब किताब ठीक-ठाक कर लेते हैं। अब जबकि शक्कर, मिट्टी का तेल, गेहूं, चावल सभी बाजार में मंहगा है, खुलकर गांवों की सहकारी समितियों से लेकर शहरों तक के सभी सहकारी उपभोक्ता भंडार खुले में ब्लैक मार्केटिंग कर दोनों हाथ वसूली कर रहे हैं। ये हालात इंदौर के साथ धार, झाबुआ, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, बुरहानपुर, के साथ उज्जैन,देवास, रतलाम, शाजापुर, मंदसौर, नीमच सभी जिलों के हैं। सभी जिलों के खाद्य अधिकारी खुलकर पेट्रोल पम्पों, गैस पम्पों, गैस वितरकों, राशन दुकानों से दोनों हाथ वसूली कर रहा है पूरा स्टॉफ तो फिर कौन पूछेगा कि गैस डीलर टंकियों में पानी भर कर बेच रहा है। गैस डीलरों की कम गैस देना, ब्लैक में बेच देना, टंकियों में पानी भरना, 2 दिन से लेकर 15 दिन से महीने भर तक गैस न देना उनके नम्बर की गैस दुकानों और व्यावसायिक उपयोग में बेच देना।

अग्नि गैस का मालिक आई.जी. अग्निहोत्री का लड़का है। फिर उसका एक रिश्तेदार सहा. खाद्य अधिकारी पी.के. शुक्ला वर्षों से इंदैर में जमा है, उसके विरुद्ध की गई हर शिकायत जांच को वो वहां बैठकर बचा लेता है। इसके सिलेंडर से पानी निकलते हुए राज टी.वी. पर भी दिखा दिया गया है। परंतु इस हरामखोर को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। इसके खिलाफ अनेकों बार उपभोक्ताओं ने प्रदर्शन भी किए। समाचार पत्रों में भी छपा, जबकि इस गैस एजेंसी को समाप्त कर दिया जाना चाहिए था, इससे ज्यादा बात करो तो यहां बैठी धूर्तों की फौज गैस कनेक्शन ट्रांसफर करवाने की बात करती है। यही हाल 25 गैस वितरकों का है। गैस ओ इंडेन वाले ने तो ग्राहकों को अभी तक डायरी ही नहीं दी है। जब भी उपभोक्ता कहता है, यहां बैठी फौज कह देती है कंपनी से ही नहीं आई इसकी आड़ में इसका मालिक लाखों रुपए की गैस हर माह ब्लैक में बेच खाता है। दूसरे गैस सिलेंडर की जालजासियों में इन्होंने दूसरे गैस सिलेंडर से लोगों को कनेक्शन बांट रखे हैं। जो वर्षों से ब्लैक में चलाए जा रहे हैं। व्यावसायिक उपयोग में खाद्य विभाग में तो महीना पहुंचता रहे सब ठीक-ठाक रहता है।

भ्रष्टाचार का अरबों रुपए पहुंचता है संचानालय और स्वास्थ्य आयुक्त को

डॉ. पंडित का पांडित्य है भ्रष्टाचार में

पूरे प्रदेश में न केवल दवा खरीदी वरन हर कदम है लूट व वसूली का तांडव

पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग में हर कदम पर वहां पदस्थ डॉक्टरों, नर्सों से लेकर कमाउंडर और वार्डबॉय की वसूली से लेकर म.प्र. के विंध्याचल में स्थित स्वास्थ्य संचानालय और स्वास्थ्य आयुक्त तक पूरे प्रदेश से अरबों रुपए का भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है। शासन की गरीबों की स्वास्थ्य योजनाओं के नाम पर खुलकर झूठे व्हाउचरों के सहारे 60% तक धन डकारा जा रहा, जिसमें हर जिले का मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अपने अधीनस्थों और साथ ही निजी नर्सिंग होम्स, हास्पिटल से लेकर निजी मेडिकल कालेजों के साथ मिलकर केंद्र व राज्य सरकार के स्वास्थ्य के बजट की पूर्ण चिकित्सा कर रहे हैं।

इंदौर का मु.स्वा. व चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंडित का भ्रष्टाचार को पांडित्य का ज्ञान इसी बात से लगाया जा सकता है कि ये हरामखोर भविष्य निधि की रकम डकारने के चक्कर में यहां से देवास भेजा गया था, परंतु उसी भ्रष्टाचार के धन के दम पर पैसे खर्च कर पुनः इंदौर लौट आयाहै, दवा खरीदी कांड तो उसकी लूट का छोटा सा हिस्सा है। जिसमें इसने अपनी सीमा के बाहर जाकर रुपए 60 लाख की अनाप-शनाप अनावश्यक दवाएं केवल पनी कमीशन खोरी के लिए खरीदी। इसी प्रकार मरीजों के भोजन के नाम पर बिस्कुट खरीदी कांड किया।

जिले में ग्रामीण क्षेत्रों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर तहसील स्तर के चिकित्सालयों में दवाओं के अतिरिक्त चिकित्सालयों में लगने वाली अन्य सामग्रीयों में चादर, तकिये, कंबल, गद्दों अन्य चिकित्सालयों की आवश्यक सामग्रियों में सीधे ल.उ.नि. की आपूर्तिकर्ता इकाइयों के सीधे करोड़ों रुपए के बिल भर पास होते रहे हैं। सामग्रीयों का कहीं अतापता नहीं है। यदि सामग्री आपूर्ति की भी जाती है तो चूंकि मुख्य स्व. एवं चिकित्सा अधिकारी ही महाभ्रष्ट और जालसाज हैं तो दूर दराज के प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों और तहसीलों और विकासखंडों के साथ ही शहरों के चिकित्सालयों के डॉक्टरों, कर्मचारियों, नर्सों व अन्य अधिकारियों से कैसे उम्मीद जा सकती है कि वो ईमानदारी से कार्य करेंगे वो भी अधिकांश सामग्री बेचकर खा जाते हैं और पुरानी सामग्रीयों को भंडारगृह में जमा या अस्पताल के स्कंध में दिखा दी जाती है।

वर्तमान में प्रदेश में जिला स्तर पर बीमारी सहायता निधि में रुपए 25000 से रुपए 150,000/- दीनदयाल अंत्योदय उपचार योजना में 20000/- तक वित्तीय सहायता जननी सुरक्षा योजना में गर्भवती को ग्रामीण क्षेत्रों से लाने वाले को रुपए 600, गर्भवती को रुपए 1400 सौ, शहरी में गर्भवती को रुपए 1000 व लाने वाले को रुपए 200 के नाम विजयराजे जननी कल्याण बीमा योजना में रुपए 5000 तक, मृत्यु होने पर व इलाज के लिए रुपए 1000 के नाम पर भी अकेले इंदौर जिले में ही निजी नर्सिंग होम्स वाले चिकित्सा के ग्रामीणों, गरीबों से तो अपने पैसे वसूल तो करते ही साथ ही इस डॉ. पंडित के साथ मिलकर शासकीय धन भी सभी खानापूर्तियां करके डकार जाते हैं। यह सौदा सीधा-सीधा 50%-50% पर पिछले दो वर्षों से चल रहा है। निजी नर्सिंग होम्स, चिकित्सालयों में वहां के डॉक्टर्स, वहीं उन गरीबों, मरीजों से सारे शास. खानापूर्ति के प्रपत्रों पर हस्ताक्षर करवा कर ग्रामीणों को विदा कर देते हैं। बाद में इस मु.चि. स्वास्थ्य कार्यालय के स्टाफ के सात मिलकर हर वर्ष करोड़ों रुपए की जालसाजियां कर धन डकारा जा रहा है। इसकी सूचनाएं न केवल इंदौर, धार, झाबुआ, बड़वानी,खंडरा, खरगोन, बुरहानपुर के साथ ही उज्जैन, उज्जैन संभाग के देवास, रतलाम, शाजापुर, नीमच, मंदसौर से भी लगातार आ रही हैं।

इसकी जानकारी सूचना के अधिकार में प्राप्त करने के लिए संभाग प्रभारी संयुक्त संचालकों को इंदौर-उज्जैन में पत्र भेजा गया था, परंतु संयुक्त संचालक इंदौर-उज्जैन भी हैं तो भ्रष्टों के वरिष्ठ महाभ्रष्ट उन्होंने केवल औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए पत्र अवश्य अंतरित कर दिया जिसके जवाब में अकेले इस भ्रष्टाचार के पांडित्य ने चमकाने के लिए श्री अजमेरा को रुपए 4 लाख 58 हजार की धन राशि जमा करने का नोटिस भेजा। ये मिठुआ डॉ. पंडित चूंकि चारों तरफ से चिकित्सा विभाग में प्राप्त राज्य सरकार का धन केंद्र सरकार, विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनीसेफ आदि अनेकों योजनाओं का विभिन्न मदों का धन डकार रहा है, जिसमें नर्सिंग ट्रेनिंग, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, मलेरिया , टीबी, परिवार नियोजन, प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य, एड्स, टीकाकरण, आशा स्वास्थ्य जागरुकता मिशन, जननी सुरक्षा योजना, जिला स्वास्थ्य सूचना शिक्षा एवं संचार ब्यूरो, आशा स्वास्थ्य कार्यकर्ता आदि के नाम पर अरबों रुपए की शासकीय निधि में ये बंदे दोनों हाथों से भ्रष्टाचार कर रहा है तो आखिर कैसे जानकारी दे दें। स्वाभाविक है इन सारी योजनाओं का पूरे प्रदेश का धन विंध्याचल स्थित स्वास्थ्य संचानालय में प्रतिदिन अरबों रुपए पहुंच रहा है। इसके बाद भी डॉ. पंडित ने कर्मचारियों के ही भविष्यनिधि में जाली दस्तावेजों से करोड़ों रुपए निकालकर डकार लिए। एक साधारण अनुमान के अनुसार हर जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी हर दिन लाखों रुपए की रिश्वत और भ्रष्टाचार से धन डकार लेता है। स्वाभाविक है सभी स्वास्थ्य कर्मचारी और अधिकारी भी इसमें हिस्सेदार होते हैं, इसलिए सब चुपचाप रहते हैं। कुछ वर्षों पूर्व बड़वानी में हजारों रुपए की प्रतिदिन होने वाली फोटोकापी के व्हाउचरों से डकारे गए रुपए का मामला प्रकाशित किया था।

लोकायुक्त के भ्रष्टों को भी धन पहुंचता रहता है। इसलिए वो हरामखोरों की फौज कैसे उसमें हाथ डाले। सूचना के अधिकार में भी दी गई अपीलों में चूंकि अच्छेखासे धन का लेनदेन मुख्य सूचना आयुक्त और अन्य आयुक्त कर डालते हैं, इसलिए वो हरामखोर तथ्यों की वास्तविकता को नजर अंदाज कर आवेदकों के विरुद्ध निर्णय देते रहते हैं। इसलिए ये हर स्वास्थ्य विभाग के हरामखोर अपने तरीकों से आवेदकों को नचाकर जानकारी देने से बचते रहते हैं।

सभी बैंक है सफेदपोश जालसाज डकैतों के अड्डे

बैंकों में कम्प्यूटरों, ट्रांजेक्शन से धड़ल्ले से ग्राहकों से हो रही धोखाधड़ी

पूरे भारत में बैंकिंग, व्यवसाय पूर्णतः सफेद पोश जालसाजों का अड्डा बनता जा रहा है। यहां के अदने से कर्मचारियों से लेकर निजी सहकारी, सरकारी बैंकों में प्रबंध संचालक व अध्यक्ष तक अपनी हैसियत, मौके, पद व अन्य कर्मचारियों, अधिकारियों से समन्वय के हिसाब से बड़ी-बड़ी जालसाजियों को अंजाम दिया जा रहा है। पर बैंकों में बैठे अधिकारी प्रबंधक सब चूंकि भ्रष्टाचार में आकंठ गोते लगा रहे हों तो ग्राहकों की जालसाजी की शिकायतों, बैंक चेक, ऋण, आवर्ती, चालू, साख आदि में जमा किये धन के साथ, चेक, ड्राफ्ट आदि भी संबंधित के खातों में जमा न होकर वहां बैठे जालसाजों की फौज उसे स्पेंस खाते में जमा करती है, बाद में बात पुरानी होने पर वह ग्राहक के खाते में जा रकम उचककर स्टॉफ कर्मियों के खातों में पहुंच जाती है, मूल व्हाउचर फाड़कर रही की टोकरी में डाल उस पर नया व्हाउचर चिपकाकर सीधे ही जालसाज श्वानों द्वारा अपने किसी भी परिचित या स्वयं के वेतन खाते में अतिरिक्त अन्य खातों में डालकर डकार लिया जाता है।

स्टेट बैंक ऑफ इंदौर की फडनीस कॉलोनी शाखा में बैठा स्टॉफ के साथ ही वहां का प्रबंधक उन बत्तमीजों का गिरोह है जो ग्राहक को बात-बात में झिड़की देता है। यहां के हरामखोरों से समाशोधन के चेकों को स्वीकार करने उस पर हस्ताक्षर व सील लगाने के लिये कहा गया तो कहा गया डिब्बे में डालो या विश्वास नहीं है, तो खाता बंद कर लो इन हरामखोरों के दिमाग इतने सड़ चुके हैं कि रिजर्व बैंक के स्पष्ट आदेशों के बाद भी चेक जमा करने की पर्चियों पर हस्ताक्षर करने और सील लगाने में इन जालसाजों के प्राण निकलने लगते हैं। यही हाल इस बैंक की अधिकांश शाखाओं के हैं। वहां के जालसाजों ने समयमाया के 3000/- के चेकों को खाते में जमाकर न स्वयं डकार लिया, वहां मीना नाम की स्टाफ क्लर्क कम्प्यूटर पर ताश खेलती रहती है, आलम यह है कि इन स्टेट बैंक व उसकी सहयोगी बैंकों के साथ राष्ट्रीयकृत बैंकों के भी कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों तक अधिकांश भारी खुले में जालसाजियां कर रहे हैं। इसके विपरीत इन जालसाजों को पकड़ में आने के बाद भी कार्यवाहियां न हो पाने के कारण इन श्वानों की चमड़ी भारी मोटी हो चुकी है। ये जिस ग्राहक की रोटियां खाते हैं जालसाजी करने और पकड़ने जाने के बाद भी ग्राहकों के साथ मारापीटी करने तक से नहीं चूकते हैं।

स्टेट बैंक व राष्ट्रीयकृत बैंकों में ग्राहकों से शुल्क तो रिजर्व बैंक ने अनाप-शनाप बढ़ा दिये, बात-बात में कटौतियां की जाती है। इसके विपरीत ग्राहकों को सूचनाएं तक भी नहीं दी जाती है। 60% तक ऋणों की स्वीकृति जाली दस्तावेजों के आधार पर 10 से 20% तक कमीशन खाकर खुले में की जा रही है, स्वाभाविक हैं, बैंक में डूबते ऋणों के प्रतिशत में भारी बढौत्री होने के बाद भी, सीबीआई जांच तक बैंकों 0.5% मामले भी ऐसी जांचों के लिए नहीं पहुंचाये जाते हैं।

प्रबंधन में बैठे श्वानों को तो वैसी भी काफी मोटे वेतन मिलने के बाद भी जालसाजियों से कोई नहीं चूकता जालसाजियों, चेकों को डकार जाने, खातों में धन जमा होने के लाखों शिकायतें हर बैंक और उसकी शाखाओं की होने के बाद भी, बैंक कर्मचारियों के निलंबन, सेवा समाप्ति व अन्य दंडों की तो दूर, यदि महिला कर्मचारी हैं, तो वर्षों तक साथ में काम करते-करते उनके अपने प्रबंधकों, श्रमिक संघों से अपनी कमनीयता और प्रगाढ़ संबंधों के चलते न केवल बची रहती है बल्कि के तरफ तो बैंक में बत्तमीजियां, जाजसाजियां करती हैं, फिर अपने यारों के साथ ग्राहकों की शिकायतों पर उनसे ग्राहकों को धमकाना, मारना, पिटवाना तक करती हैं।

हर ग्राहक इनकी प्रताड़नाओं, बत्तमीजी पूर्ण व्यवहार से परेशान होने के बाद भी जीवन की आपाधापी इतना उलझा रहता है, कि तो इनकी शिकायतें नहीं कर पाता, जिससे इन मक्कार धूर्तों के हौसले इतने बुलंद हो जाते हैं कि इनकी बत्तमीजियां सिर चढ़कर बोलने लगती है। बात-बात में ग्राहकों को खाता बंद करने की धमकी देते हैं।

बैंकों में हुए भारी कम्प्यूटराइजेशन ने जालसाजियों को न केवल बढ़ाया है, वरन जालसाजियों को पकड़ने में भी भारी परेशानियां उठानी पड़ती है। पैसा जालसाजी से इधर-उधर चले जाने पर बिना पुलिस शिकायत के कोई भी हरामखोर बैंकर्स सुनने को तैयार नहीं होते।

ग्राहकों को चाहिये कि बैंकर्स की जालसाजियों पर सीधा दस्तावेज इकट्ठे कर पुलिस में एफआईआर संबंधित थाने में करें, थाने पर भी सुनवाई या जांच न होने पर बिना विलंब किये इन्हें न्यायालयों में खींचकर खड़ा करने में बिल्कुल भी न हिचकिचाये। उपभोक्ता न्यायालयों में भी सेवाओं, प्रताड़ना, परेशानियों के विरुद्ध सीधी कार्यवाहियां करें, उपभोक्ता न्यायालयों में वकील की जरूरत भी नहीं पड़ती है।

जहां तक बैंकर्स की शिकायतों के लिए उनके प्रधान कार्यालयों में शिकायत सेल होता है, परन्तु इनसे न्याय की उम्मीद तो दूर ये सब ही एक ही थाली के चट्टे-बट्टे होने के कारण ये सब भी अपने स्टाफ को ही बचाते हैं। जहां तक हर प्रदेश में बने रिजर्व बैंक के लोकायुक्त का सवाल है तो ये भी मोटी चमड़ी के हैं। व्यर्थ समय और पैसा बर्बादी है।

मनमोहन और रिजर्व बैंक भू-माफिया और पूंजीपतियों की कठपुतली

गृह ऋणों और कार ऋणों पर छूट का षड्यंत्र

राष्ट्र में आर्थिक मंदी के नाम पर भू-माफियाओं, कार निर्माताओं और पूंजीपतियों की कठपुतली बन न केवल नाच रहे हैं, बल्कि शासकीय बैंकों में जमा जनता का 200 अरब रुपए फिर जालसाज भू-माफियाओं, पूंजीपतियों और उद्योगपतियों को दे दिया जाएगा। वह भी 5 से 8% ब्याज पर, एक तरफ बैंकस 10% और 11% ब्याज जमाओं पर चुकाएंगे दूसरी तरफ उन्हें आय के रूप में वृहत पूंजीनिवेश पर मात्र 5 से 8% ब्याज की प्राप्ति होगी। स्वाभाविक है अधिकांश राष्ट्रीयकृत बैंक हमारे राष्ट्र के भी इस प्रकार की पूंजीनिवेश प्रणाली से घाटे में जाकर पहले जमाएं चाटेंगे, फिर पूंजीगत घाटे खाकर दिवालिया होने की कगार पर आ जाएंगे।

समय माया ने वर्षों पूर्व छापा था कि इन भू-माफियाओं की प्रधानमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री कार्यालय व अन्य मंत्री कठपुतली बन नाचते रहते हैं। पहले उनके लिए कानूनों में परिवर्तन कर उन्हें कृषि भूमिस नजूल की भूमि चरनोई भूमि व अन्य इस तरह की अन्य कार्यों के लिए रखी गई भूमि उन्हें कालोनी काटने के लिए उपलब्ध करवाई गई। अब जब पूरे देश में इन जालसाज कालोनाइजरों न अरबों रुपए लगाकर चारों तरफ सभी बड़े शहरों में कालोनियां खड़ी कर दी है अब उनको बेचने के लिए प्रधानमंत्री मनमोहन को और रिजर्व बैंक के राज्य पाल को खरीदकर अपनी कालोनी के लिए जनता को ऋण पर कम ब्याज का लालच देकर फंसा रहे हैं। जब गृह ऋण ले लेंगे तो ब्याज दरों पर बेतहाशा वृद्धि कर दी जाएगी। उद्योगपतियों, भूमाफियाओं को यो जो छूंटे मंदी की आड़ में दी जा रही हैं पहले तो ये बताएं कि भारत में मंदी है कहां? क्या सस्ते में बिक रहा है गेहूं, शक्कर, तेल, चावल, सीमेंट क्या सस्ता हो गया।

मंदी के नाम पर चंदी बांट रहा है। हरामखोर अपने खास उद्योगपतियों, पूंजीपतियों, कालोनाइजरों, भू-माफियाओं को खुले में जनता की छोटी-छोटी जमाओं को कम ऋण पर बांट कर जब ब्याज कम मिलेगा तो स्वाभाविक रूप से बैंकों का अमेरिका की तरह दिवाला निकलने में समय नहीं लगेगा।

केंद्र की..

को कार ऋण, गृहऋण से ज्यादा जरूरी है। दो वक्त का भोजन, बच्चों की पढ़ाई जो दिनों दिन महंगी ही होती जा रही है। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों की रिजर्व बैंक के माध्यम से केवळ सरकारी बैंकों तक पहुंचाया जा सकताहै, मानना न मानना उनकेही हाथ में होता है, फिर कुल जमा में ब्याज दरों की कमी का फायदा बड़े उद्योगों, कार निर्माताओं, सीमेंट कंपनियों, स्टील कंपनियोंकोही होगा जो कि कुल मिलाकर अगली लोकसभा के चुनाव की शिगूफे बाजी है। केंद्र सरकार की नियत का पता इससे ही चलता है कि वो पुनः देश के अच्छे गेहूं का तो निर्यात करेगी बदले में वर्षा के अभाव में गेहूं की पैदावार कम होने का बहाना लेकर पुनः सड़ा आस्ट्रेलियन गेहूं वहां से आयात करेगी, बची-खुची मंदी की कमी को वायदा व्यापार के सटोरिये चाट जाएंगे तो आम आदमी को क्या फायदा होगा। वर्तमान में शक्कर रुपए 20/- जो सितम्बर में रुपए 16-17 खाद्य तेल, सोयाबीन रुपए 55/-कि. मूंगफली रुपए 70/- गेहूं रुपए 10/- कि.का गेहूं 12 से 15/- तो आखिर क्या सस्ता हुआ है। कारें, गृह निर्माण, स्टील, पूंजीगत वस्तुओं का व्यापार आखिर कब तक तेजी पकड़ेगा? स्वाभाविक है बाजार की संतृप्तता पर बिक्री गिरेगी उसे मंदी के नाम से नवाजना मूर्खता होगी। मंदी से सचमुच उपभोक्ता वस्तुओं, दैनिक उपभोग

पेज 1 से जारी

की वस्तुएं तथा गेहूं, चावल, दाल तेल, दूध, सब्जियां, चाय, काफी, साबुन आदि सस्ते हों तो आंका जाना चाहिए कि वाकई मंदी है। इसके विपरीत पिछले तीन माह में ऐसे दैनिक उपयोगी वस्तुओं की कीमत गिरती तो ही आम आदमी को महंगाई से राहत मिलती और मंदी की सत्यता का आभास होता।

बेशक यदि भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रूड पेट्रो की दरों में आई 70% तक की गिरावट अर्थात 154 अमेरिकी डालर का सितम्बर-अक्टूबर की दरें वर्तमान में 40% अमे. डालर के हिसाब से 70% की अपेक्षा 50% की कीमतें कम कर दी होती, अर्थात रुपए 55/- का पेट्रोल रुपए 27- की कीमतों पर लौटता तो भी दैनिक उपभोग की वस्तुओं में भाड़े की लागत में 50% तक की कमी आ सकती थी, इसके विपरीत सरकार ने भात्र 10% ही कीमतें कम की इसकी तुलना में दैनिक उपयोगी वस्तुओं में मात्र 2 से 5% की जो कमी आनी थी वो बिचौलिये चाट ही गए, साथ विशाल बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने अपने ऊपरी घाटे कम करने के लिए उपभोक्ता वस्तुओं की एकत रफ तो कीमतें बढ़ाई, दूसरी तरफ अगर कीमतें नहीं भी बढ़ा सके, मात्रा कम कर दी गई। तो कैसी ओर कहां मंदी आई, या चुनाव की तैयारी के लिए वोट पाने का महज छलावा व षड्यंत्र है।

म.प्र. म.बा. विकास में करोड़ों का भ्रष्टाचार

करोड़ों खर्च के बाद भी कुपोषण से मौतें

इंदौर। जिले की महिला बाल विकास अधिकारी श्रीमती मंजुला तिवारी को सूचना के अधिकार में दिए गए पत्र से यहां से तो सूचनाएं नहीं मिली, तो जिलाधीश विवेक अग्रवाल को अपील दी गई, पर महिला अधिकारी से अपने संबंधों को निभाते हुए उन्होंने भी नकार दिया, अंत में म.प्र. राज्य सूचना आयोग से सौदा न पट पाने के कारण सारी सूचनाएं 18-11-08 को हमारे समय माया के कार्यालय में पहुंचाई गई।

कुछ दस्तावेजों के विश्लेषण से जो निष्कर्ष सामने आए तो चौंकाने वाले ही थे, जिन संस्थाओं को ये सहायता दी जा रही है उसके खर्च से तो कुपोषण तो छोड़िये बच्चों को मोटापे का शिकार होना चाहिए था। राशि महिला बाल विकास विभाग के विकासखंड व तहसील स्तर पर बनाए गए एकीकृत बाल विकास परियोजनाओं में बैठे परियोजना अधिकारियों को ही है। ये संस्थाएं जितनी मोटी रिश्वत दी जाती है उनती मोटी बिलों की राशि स्वीकृत की जाती है।

अधिकांश स्थानों पर आंगनवाड़ी केंद्रों में 50 से 80% तक पंजीयों में दर्ज बच्चे व महिलाएं फर्जी होते हैं, जो इन हरामखोर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, महिला बाल विकास परियोजना केंद्रों के अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीजुली भ्रष्ट कारगुजारियों से खुलकर डकारी जाती रहती है। जब 50 से 80% बच्चे और महिलाएं वास्तविकता में होती ही नहीं तो स्वाभाविक है 50 से 80% पैसा झूठे बिलों, व्हाउचरों के माध्यम से तो सीधा ही डकारा जाता है, फिर आपूर्ति किए गए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता तो दूर कीड़ेदार दलिया व अन्य स्तरहीन सामग्री, दवाएं पौष्टिक आहार विटामिन्स आदि सबमें भी भारी कमीशनखोरी दलाली डकारी जाती है। कुछ संस्थाओं को उनके बिलों के द्वारा किए भुगतानों की बानगी पाठकों के लिए प्रस्तुत की जा रही है, यही रिपोर्ट फिर लोकायुक्त और आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो की जांच के लिए भी भेजी जाएगी, क्योंकि बिलों की छाया प्रतियां भी हमारे सूचना अधिकार के माध्यम से प्राप्त हो चुकी हो चुकी है। बेशक अधिकांश ऐसे स्वसहायता समूहों के पीछे कांग्रेसी व भाजपाई नेताओं के वरदहस्त के नीचे म.बा.वि. अधिकारियों के सहयोग से लाखों रुपए प्रतिवर्ष धन डकारा गया है। जिसकी सत्यता से पूर्व में भी हम बड़वानी जिले की ऐसे फर्जीवाड़े को प्रस्तुत कर चुके हैं। इंदौर म.बाल.विकास जि.अ.मं. तिवारी द्वारा बांटा गया कुछ संस्थाओं के नाम, उनके बिल व भुगतान की बानगी-

क्र.	विवरण	देयक/तिथि	राशि
1.	आदर्श स्व सहायता समूह गिरोड़ा तह देपालपुर	133554 22/9/05	255200
2.		149058 24/1/06	192303
3.		151184 23/2/06	207745
4.		62790 12/9/06	297000
5.		623125 16/10/06	146691
6.		137 25/01/07	166954
7		921042 20/3/07	163759
8		279 2007	392269.25
9		11 13/12/05	95975
कुल			1918496.25
1.	वैष्णवी स्वयं सहायता समूह इंदौर	बिल नं.02 15/7/05	180400
2.		141983 3/11/05	180400
3		215898 31/8/60	116192
4		216119 6/10/06	116600
5		223886 12/1/07	113114.25
6		224170 19/3/07	141337
7		223705 31/3/07	401502
8		आदेश 400/2सीडीएस/06 15/12/36	64075
9		बिल नं. 03 13/9/06	58300
कुल			1371920.25
1.	मां. एकवीरा महिला स्वसहायता समूह, इंदौर	138557 22/9/05	63800
2		215895 31/8/06	127600
3		223887 12/1/07	123785
4		224171 19/3/07	154689
5		223414 28/3/07	154671
6		देयक क्र. 05 19/10/05	63800
7		3/11/05 400ए/आईसीडीएस/06 15/12/06	77572.25
कुल			766017.25
1.	सरस्वती स्वयं सहायता समूह तहसील सांवेर	136708 26/8/05	103400
2		143122 22/11/05	106700
3		1274 9/6/06	611600
4		623194 16/11/06	379177
5		1964 26/2/07	660150
6		1758 14/12/06	16367.42
कुल		1884 29/1/07	1877394.42
1	श्रद्धा स्वसहायता समूह तह. सांवेर	136709 26/3/05	202400
1	शारदा स्वसहायता समूह ग्राम कनाड़िया	137101 30/8/05	123750
2		141980 3/11/05	134060
3		देयक क्र.012 15/2/06	256300
4		13 13/3/06	791176
5		449 13/6/06	432025
6		223368 29/1/06	124072
7		224173 19/3/07	186750
8		223410 28/3/07	505174
9		223409 28/3/07	158632
10.		223706 31/03/07	460355
		984 03/2/07	248145
	कुल		3320438.00
1.	इंदौर स्व सहायता समूह महासंघ ग्राम मोरोद	136711 26/8/05	266750
		546396 15/7/05	255410
		149056 24/1/06	127600
		04 09/3/06	133600
		141979 03/11/05	94600
			882960
1.	शक्ति स्वसहायता महासंघ	136712 26/8/06	616000
		150198 06/2/06	285120
		917101 31/3/06	630240
		30 27/01/07	316800
		132 19/2/07	744120
	कुल		2933320
1.	तुलसी स्वसहायता समूह	141981 03/11/05	369600
		135814 12/8/05	369600
		149035 24/1/06	558360
		05 10/11/05	310200
		151183 23/2/06	930600
		90 09/03/06	310200
		216295 29/11/06	381871
	कुल		2848598.1871
1.	जय मां संतोषी स्व सहायता समूह चम्बल तह. देपालपुर, जि. इंदौर	149059 24/02/06	209825
		151185 23/02/06	203660
		78 27/01/06	149600
		131 06/03/06	212300
		627902 12/09/06	281050
		03 10/01/06	94050
	आदेश क्र.	575 006	81835
	कुल		1232320
1.	समग्र क्रांति स्वसहायता (महिला) महासंघ, इंदौर	देयक क्र.107 15/02/06.	107800
		216120	107800
		06/10/06 223367 19/12/06	246142
		223994 29/01/07	248122
		223709 31/03/07	496245
		देयक क्र. 02 30/11/05	59400
1.	प्रगति स्व सहायता समूह जिला इंदौर	216273 16/11/06	147845
		223949 29/10/07	118999
		224174 19/03/07	149702
		223411 28/03/07	465973.375
		922602 03/04/07	320544
	कुल		1303063.375.
1.	प्रतिभा स्व सहायता समूह, सांवेर रोड इंदौर	223366 19/12/06	99249
		223710 31/03/07	198576
		आदेश क्र. 753 06/12/06	99249
	कुल		397074
1.	मां चामुण्डा स्वसहायता	1611 12/10/07	6546180
		1964 26/02/06	180042.45
		1752 14/12/06	65469.60
		1758 14/12/06	30885
		1611 12/10/06	65461.80
		1884 29/01/07	31950
	कुल		439270.65
1.	गुरु स्वसहायता समूह इंदौर	बिल नं. 03 25/08/05	48400
		141982 03/11/05	
1.	मधुमति स्वसहायता समूह इंदौर	223412 28/03/07	190601
		06 15/01/07	76053
		03/9/10/06 आदेश क्र.655 4/09/06	68687
		96-सी/19/1/07	95915
	कुल		431256
1.	श्रीबालाजी स्वसहायता समूह, सलमपुर. तह. देपालपुर	921045 20/03/07	164823
		आदेश क्र. 571/06	68197.37
	कुल		233020.37
1.	योजना स्वसहायता समूह, देपालपुर, इंदौर	721138 25/1/07	106761
		921044 20/3/07	108891
		922665 3/04/07	310931
		आदेश क्र. 571 29/8/06	68198
	कुल		594781
1.	म.प्र. राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ मर्या. प्रेस यूनिट गोविंदपुरा भोपाल	1353 3/05/07	162240
2.	अजंता पैकिंग प्लांट	05 18/06/07	81000
	कुल		243240

मंत्री, इंजीनियर, पार्षद, ठेकेदार जनता को पानी पिलाने के नाम पर

पी जाते हैं अरबों का पानी

मोटी कमाई का साधन है, पानी पिलाना सभी संबंधित विभागों का

भोपाल। पूरे म.प्र. के उत्तरी चंबल संभाग को छोड़कर अधिकांश स्थानों पर अल्पवृष्टि का प्रभाव तो पड़ा है। स्वाभाविक है जनता पीने के पानी के लिए भी तरस रही है। जनता पानी के लिए और उस आड़ में मंत्री लोक यांत्रिकीय विभाग के इंजीनियरों, नगर निगमों, पालिकाओं, परिषद्ों, महापौर, पार्षदों के पास दौलत बरस रही है।

जनता को पानी पिलाने के नाम पर शहरीय और ग्रामीण आबादी में हजारों नलकूप खोदे जाते हैं। जिसमें से 50% दिसम्बर, जनवरा आते-आते तक सूख जाते हैं। 25% नलकूप खनन के समय ही सूखे निकल जाते हैं।

हमारे प्रदेश में शहरीय व ग्रामीण आबादी को पीने व दैनिक उपयोग के लिए जल उपलब्ध करने की जिम्मेदारी म.प्र. लोक स्वा. यांत्रिकीय विभाग की है। बड़े व जिला स्तरीय नगरों में नगर निगमों, पालिकाओं, परिषद्ों को जल वितरण का कार्य उनकी देखरेख में सौंपा अवश्य गया है, परंतु इंजीनियर्स लो.स्व. यांत्रिकीय विभाग के ही सारी व्यवस्थाओं को संभालते हैं और देखरेख करते हैं। यह भी कटु सत्य है, कि इस विभाग के इंजीनियर्स फिर भी तकनीकी दृष्टि से तरीके से कार्य करते हैं। इसके विपरीत छोटे-छोटे गांवों से लेकर महानगरीय जल वितरण व्यवस्था स्थानीय ग्राम पंचायतों, नगर पालिकाओं, परिषदों और निगमों के हाथ में होने के कारण वहां बैठे पंचों-सरपंच, पार्षदों से लेकर महापौरों तक यह पानी वितरण व्यवस्था पने स्वार्थपूर्ति और धन डकारने का एक बड़ा साधन है, यहां सारा खेल वोट बैंक के साथ कमाई दोनों तथ्यों के आधार पर ही जल वितरण और आपूर्ति होती जाती है। वह भी जहां पर धन मिलने की संभावना ज्यादा हो।

टैंकरों से पानी के वितरण के नाम हर पार्षद, महापौर से लेकर टैंकरों की स्वीकृति, डीजल की भरवाई, ड्राइवरों का वेतन, पानी भरवाने से लेकर पानी बांटने, बेचने तक हर कदम वसूली होती है। प्रति टैंकर अकेले इंदौर में एक पार्षद 15 से 30 हजार रुपए हर महीने कमाता है, उस पर विधायक प्रति टैंकर प्रति माह रुपए 3 हजार, महापौर रुपए 3 हजार प्रति माह, प्रति टैंकर पाईप लाईन से मिल जाता है। एक ड्राइवर यदि 8 टैंकर पानी की आपूर्ति करता है तो 4 वह बेचेगा व्यक्तिगत स्तर पर और 4 बांटेगा। यह हाल पूरे प्रदेश के 48 जिलों का ही है। अकेले टैंकरों से पानी पिलाने के नाम पर लगभग रुपए 800 करोड़ का खर्च नगर निगम, परिषद्, पालिकायें ही दिखा देती है। जिसमें अकेले इंदौर मेंही रुपए 55 करोड़ का चंदन लगाया जाएगा। जिसमें प्रदेश 14 नगर निगम ही रुपए 400 करोड़ का जनता को पानी पिलाने के नाम पर लगभग रुपए 200 करोड़ सीधे ही पी जाएंगे। इन नगर निगमों में इंदौर, उज्जैन, भोपाल, रतलाम, सागर, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा, सतना आदि है। प्रदेश की 37 नगर पालिकाएं लगभग रुपए 200 करोड़ का, 237 नगर पंचायतों में लगभग रुपए 300 करोड़ का पानी जनता को पिलाने 50% तक पैसा डकार लिया जाएगा।

इन सबके लिए स्थायी जल स्त्रोतों के नाम और जल वितरण की आड़ में हर वर्ष अनियोजित बजट के नाम पर लगभग रुपए 500 करोड़ का बजट म.प्र. सरकार और नियोजित नए कार्यों के लिए रुपए 1000 करोड़ लगभग केंद्र सरकार देती है। जिसमें से यह विभाग ही रुपए 250 करोड़ का भ्रष्टाचार कर डकार जाता है, जिसमें घटिया स्तर की खरीदी से लेकर 10 से 25% खरीदी पर कमीशन निर्माण में कमीशन डकार लिया जाता है। इस संबंध में हाल ही में इंदौर लो. स्वा. यां. विभाग के मुख्य अभियंता भ्रष्ट डामोर के विरुद्ध और उसे सहयोग करते हुए संबंधित दस्तावेज न देने के आरोप में उसके अंधभक्त भ्रष्ट का.अ. पटवा, खरगोन, संभाग के विरुद्ध लोकायुक्त ने पाईप खरीदी घोटाले में विभागीय जांच के आदेश जारी किए हैं। का.अ. पटवा का स्थानापन ले डूबा।

इंदौर मु.अ. डामोर जो पिछले दो वर्षों से सीधे ही कमीशन डकारने के लिए भ्रष्ट ल.उ.नि. को इंडेन्टजारी कर खरीदी करवा रहा है को सूचना क़े अधिकार में कितने इन्डेट जारी कर इंदौर, उज्जैन संभाग में खरीदी की गई कितना माल किस से उद्योग और आपूर्तिकर्ता ने कहां भेजा जानने के लिए दिया था तो बंदे ने उसे अपने अधीनस्थ अधीक्षण यंत्री इंदौर-उज्जैन के अंतरित कर जवाब देने से मुक्ति पा ली, जबकि इस मु.अभियंता के पास करोड़ों रुपए की अवैध सम्पत्ति झाबुआ में है। जमीन के किसी झगड़े में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी। उसमें इसके शामिल होने का एक मुकदमा भी इस पर झाबुआ के न्यायालय में लंबित है। हाल फिलहाल प्रमुख अभियंता का ख्वाब देख रहे मुख्य अभियंता डामोर पर लोकायुक्त का प्रकरण जांच में है, इसलिए प्रमुख अभियंता का सपना चूर हो गया।

झाबुआ में पेट्रोल पम्प, मार्केट आदि इस मुख्य अभियंता डामोर और उसकी पत्नी पूर्व कलेक्टर बुरहानपुर वर्तमान में अपर आयुक्त वाणिज्यकर कार्यालय में बैठी श्रीमती सूरज डामोर द्वारा कमाई गई भ्रष्टाचार की कमाई का ही है। आश्चर्य तो इस बात का है कि मु.अ. डामोर के विरुद्ध 1998 से हत्या का मुकदमा झाबुआ न्यायालय में लंबित होने के बाद भी यह इंजीनियर कार्यपालन से अधीक्षण और अभी मुख्य अभियंता बना बैठा है। न इसका निलंबन न सेवा से हटाया गया, आपराधिक प्रवृत्ति का यह अधिकारी इंदौर-उज्जैन संभाग के अपने अधीनस्थों के साथ कैसे पेश आ रहा होगा इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। तो उसके अधीनस्थ लगभग 20 का.अ. जिन पर ये ल.उ.नि से खरीदी के इंजेटर जारी कर कैसे माल की आपूर्ति की जा रही होगी, जनता को कैसे पानी पिलाने की कार्य योजनाएं पूरी हो रही हैं इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

सच्चा पत्रकार होता है भावनात्मक संवेदनशील

इराक में बुश पर जूता-निपटे सस्ते में

५० लाख इराकियों की मौत, करोड़ों घायलों के बदले में नया जूता

अमेरिकी राष्ट्रपति बुश ने तेल के खेल के लिए रासायनिक और परमाणुवीय हथियारों की आड़ में आक्रमण कर पिछले 5 वर्ष में 50 लोगों की हत्या कर अकाल मौत दे दी और करोड़ों को घायल कर दिया। उसके बदले में करोड़ों में एक बहादुर निकला जिसने बिलकुल सटिक जवाब दिया। वह एक सच्चा राष्ट्रभक्त ईराकी था।

सच्चा पत्रकार ज्यादा संवेदनशील और भावनात्मक होता है जो गहराई से हर सच्चाई और वास्तविकता को समझता है। दुनिया की सच्चाई समझ में आरही थी पर ईराकी जनता को समझ में नहीं आरही थी। इसके विपरीत टी.वी. पत्करा मुंतजर अल जैदी ने अपने देश की बर्बादी तबाही, लाखों की अकाल मौत, करोड़ों घायलों को देखा, समझा और असहनीय मानसिक पीड़ा को बरसों भोगने के बाद उसने जो मौके का फायदा उठा कर जो किया बेशक वह भारी सराहनीय था।

उसने बुश की ईराक यात्रा के दौरान जो उसने प्रेस कांफ्रेंस ली, उसमें ईराक टीवी पत्रकार मुंतजर अल जैदी ने जवाब-सवाल के दौरान एक-एक कर दोनों जूते अमेरिकी राष्ट्रपति बुश को मारे, जिसमें बुश ने जूते आता देखव अपना सिर बचाया, इससे पूरे हाल में चंद सैकड़ों के सन्नाटा छा गया पर कुछ ही क्षणों बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस घटना को पूरी दुनिया ने टी.वी. पर देखा कि अमेरिकी राष्ट्रपति बुश की ईराकी नागरिकों के प्रति किए गए अपराधों को करारा जवाब कैसे दिया गया।

रातों रात मुंतजर अल जैदी पूरे मुस्लिम जगत के साथ ही अमेरिका की आतंक फैलाने, दादागिरी हांकने की वास्तविकता को समझने वाला हर नागरिक बुद्धिजीवी का वह महानायक बन गया। उस जूते की एक अरब नागरिकों ने रुपए 1 करोड़ डालर जो भारतीय रुपए में करीब 48 करोड़ कीमत लगाई थी। वास्तविकता में उस जूते की नहीं वरन अमेरिकी जैसी विश्व की महाशक्ति के राष्ट्रपति बुश जो महालालची,हत्यारा, आतंकी, जिसने पूरे विश्व में आतंक फैला रखा हो उस पर फेंके जाने के सम्मान की कीमत है। उस ईराकी पत्रकार ने न केवल अपनी राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया वरन जिर अमेरिका ने अरबों डालर खर्च कर विमानों, टैंकों, नाटो सैनिकों का उपयोग कर ईराक पर आक्रमण कर नेस्तनाबूद किया बदले में उसके जवाब में एक सच्चा पत्रकार होने के नाते उसको सबसे सटीक जवाब देकर उस महाशक्ति को उसकी असली औकात दिखा दी। उससे पूरी दुनिया में हर सच्चे पत्रकार के दिल में उसके प्रति सम्मान ही होगा।

पानी की तलाश में ३६ करोड़ पानी में!

जहां पानी नहीं था, वहां लगाएं हैंडपम्प

भोपाल। जलसंकट से बचने के लिए सरकार ने पानी की तलाश में करोड़ों रुपए पानी में डूबो दिए। दरअसल अफसरों ने ऐसी जगह पानी की खोज शुरू की जहां भूजल रिपोर्ट्स पहले ही पानी नहीं होना बता चुकी थी। इस कारण बेकार पड़े हैंडपम्पों को पुनर्जीवित करने और नए हैंडपम्प खोदने में गलत जगह का चयन करने से करीब 36 करोड़ रुपए पानी में चले गए।

यह निष्कर्ष बढ़ते जल संकट से निपटने के दौरान सामने आयाहै। प्रदेश में बढ़ता जलसंकट सरकार के लिए चिंताखड़ी कर रही है। इस कारण हर स्तर पर जलसंकट से निपटने की तैयारी शुरू कर दी गई है। सूत्र बताते हैं कि इस बेकार या बंद पड़े हैण्डपम्पों और अन्य जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने की मशक्कत शुरू की गई है। इसकेतहत जब पिछला रिकार्ड देखा गया तो सरकारी तंत्र ही फेल नजर आ रहा है। पिछले रिकार्ड के मुताबिक अभी तक सरकार ने ही जलस्त्रोतों को पुनर्जीवित करने को जो प्रयास किए, उनमें नीतिगत गलतियां हुई हैं। इन गलतियों के कारण करोड़ों रुपए डूबे हैं।

सूत्र बताते हैं कि जनवरी 2003 से दिसम्बर 2007 के दौरान निष्क्रिय हैंडपम्प और अन्य स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने में गलत चयन के कारण करीब 36 करोड़ 9 लाख रुपएका पानी बहा दिए गए। यह निष्कर्ष तब सामने आया जब सरकार ने बड़ी संख्या में जलस्त्रोतों के पुनर्जीवित होने के असफल प्रयासों की समीक्षा की। राज्य स्तर से जिलों को राशि जारी की, किंतु जिला स्तर पर जो जल स्त्रोत चयनित किए गए उनकी समीक्षा नहीं की गई। अधिकतर जलस्त्रोत ऐसे थे, जहां पानी की स्तरीय उपलब्धता को सर्वेक्षण नकार चुके थे। बावजूद सके उन जलस्त्रोतों पर फिर खुदाई व पुनस्थापना की गई, किंतु पानी नहीं निकला। इस बार इन स्थितियों को देखते हुए सावधानियां बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

बंद पड़े नलकूपों की स्थिति

2003-34,714
2004-32,993
2005-33,854
2006-37,738
2007-38,120

इस नलकूप खनन में लो.स्वा. यां. यांत्रिकी विभाग भी इस आड़ में रुपए 1 अरब से ज्यादा पूरे प्रदेश में डकार जाते हैं।

सौ दिन...

पेज 8 से जारी

कार्ययोजना के अंतर्गत जो धन स्वीकृत होता है, उसका उपयोग 31 मार्च के पूर्व ही पूरा करना होता है, इसलिए सारा काम कागजों पर ही तरीके से पूरा नहीं हो पाता। जमीनी वास्तविक सच्चाइयां पूरा होने का तो ख्वाब भी नहीं देखते और आसानीसे धन डकार लिया जाता है।

नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण को ही लें,वर्षों से चल रहे ठेके तो अभी भी लंबित चल रहे हैं। नए रुपए 65% करोड़ भी डकारने में जाएंगे, रुपए 110 करोड़ ओंकारेश्वर नहर में क्यों दिए जा रहे हैं, जबकि रुपए 178 करोड़ की टर्न की प्रोजेक्ट का दो वर्ष की समय सीमा नवम्बर 08 में समय पूरा होने के बाद भी 40% कार्य अधूरा है। फिर जाते-जाते रुपए 2800 करोड़ भी हाल ही में 4 माह स्वीकृत हुए थे। उनमें क्या हुआ? इसी प्रकार रुपए 300-400 करोड़ लोक निर्माण विभाग में स्वीकृत होंगे। पुराने कार्यों की समीक्षा और कार्य केवल कागजों पर ही पूरा हुआ होगा, जमीनी हकीकत बहुत अलग है। यही हाल लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय का भी है। जो जनता को पानी पिलाने के नाम पर 100 दिन की कार्य योजनाका पानी रूपीधन डकार जाएंगे। जनता को पानी मिले न मिले।

इस श्रेणी जल संसाधन ग्रामीण यांत्रिकीय, स्वास्थ्य विभाग, कृषि उद्यानिकी, महिला बाल विकास, अंत्योदय, पंचायत व समाज सेवा, नगरीय प्रशासन जिला ग्रामीण विकास, जिला शहरीय विकास एजेंसियां, शिक्षा, आदि जाति कल्याण आदि ये सभी विभाग जो जन कल्याण से जुड़े सभी 100 दिन की कार्य के अंतर्गत अनुपूरक मांगों में बजट स्वीकार करवा कर पूरा कार्य कागजोंपर दिखा कर पूरा पैसा हजम, 1 अप्रैल से फिर 08-09 का बजट पर कार्य होगा। पीछे क्या हुआ, कितना काम हुआ, कितना धन खर्च हुआ, सब फाइलों में धूल खाता नजर आएगा। मुख्यमंत्री चौहान शायद नई पारी में डटकर भ्रष्टाचार करो, भ्रष्टाचारियों को बचाओ, धन कमाओ की पारी खेलने की तैयारी में हैं। फिर लोकसभा चुनाव सिर पर हैं। इसलिए सभी विभाग के अधिकारियों से लेकर सचिवों तक सब को चुनाव जीताने के तोहफे के रूप में धन डकारने का अवसर देकर शायद ये चार चली जा रही हो, कि जैसे आप लोगों को भ्रष्टाचार की छूट देकर आपने मुझे विधानसभा में बैठाया है, वैसे ही अब पुनः धन डकारने का अवसर 100 दिन के बहाने दिया जा रहा है। अब लोकसभा भी जिताने में मदद करें। इसलिए ही शिवा ने अपनी सरकार के गणों रूपी मंत्रियों और उनके मंत्रालयों में बैठे धूर्त राक्षसी आई.ए. सचिवों की इच्छानुकुल सूचना के अधिकार अधि. 05 का पूर्णतः गलाघोंट कर कोमा में पहुंचा दिया है। इस भोले-भाले चेहरे के पीछे का चेहरा, देखते रहिये आगे होता है क्या?

साप्ताहिक समय माया

जब तक जी ने चाहा दिल से खेला, जब चाहा छोड़ दिया

बिन शादी, कामचलाऊ दांपत्य- दोनों ही भयभीत

पाश्चात्य संस्कृति का अंधानुकरण, अगली पीढ़ी की बर्बादी

हमारे राष्ट्र में पाश्चात्य संस्कृति का जो अंधानुकरण हो रहा है, उसके दुष्यपरिणाम सामने आने लगे हैं। महानगरों से लेकर गांवों तक में परिवारों के विघटन और तलाक लेने की प्रवृत्ति भी उतनी तेजी से बढ़ रही है सबसे ज्यादा दुष्यप्रभाव बच्चों और आने वाली पीढ़ी पर पड़ रहा है।

महानगरों में तेजी से बढ़ती महात्वाकांक्षा, स्वच्छंद रहने और उन्मूक्त यौनाचार की प्रवृत्ति ने एक नई संस्कृति को जन्म दिया है। जिसे 'लिव इ रिलेशन शिप' अर्थात् बिना शादी के स्त्री-पुरुष का दांपत्य जीवन जीना है। इस प्रकार के संबंधों को लेकर महिला बाल विकास केंद्रीय मंत्रालय और केंद्रीय महिला आयोग से लेकर केंद्रीय विधि मंत्रालय तक में गहन मंथन और विचार-विमर्श चल रहा है। बिना शादी स्त्री-पुरुष एक दूसरे के साथ दांपत्य जीवन जीते हैं। जब तक अच्छा लगता है साथ में रहते हैं, एक दूसरे को भोगते हैं, जब एक दूसरे से इच्छा भर जाती है या जब तक जी ने चाहा, दिल से खेला, जब दिल भर गया तो एक दूसरे को छोड़ दिया। इस तरह के 'लिव इन रिलेशन शिप' को लेकर उच्चतम न्यायालय ने ऐसे संबंधों से उत्पन्न संतानों को लेकर स्पष्ट निर्देश दिएहैं कि ऐसी संतानें न केवल वैध मानी जाएंगी और यदि पुरुष बच्चे रखता है तो स्त्री को और स्त्री बच्चे रखती है तो पुरुष को स्त्रियों को खाना खर्च देना पड़ेगा। शादी होने या न होने से संतान की वैधता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

महाराष्ट्र सरकार ऐसे संबंधों को भी स्त्री-पुरुषों के संबंधों न केवल वैधानिक मान्यता देने की विधि मंत्रालय से गुहार लगा चुका है, इसके विपरीत महिला आयोग ऐसे संबंधों को शादी के बाद वैधानिक दांपत्य ही संबंध माना जाए। इस प्रकार के संबंधों को लेकर पूरे राष्ट्र का मीडिया भी गर्मागर्म बहस में उलझा है।

अब बिना शादी के संबंधों की जमीनी समीक्षा में जो सच्चाई सामने आई कि परिस्थिति जन्य ऐसे स्त्री-पुरुष निकट आए, परेशानियों और परिस्थितियों से समझौता कर साथ रहने लगे, दोनों की अति महत्वाकांक्षाओं ने शादी नहीं की परंतु दोनों ने शारीरिक संबंधों को अवश्य बनाया, ताकि तात्कालिक एक दूसरे से आवश्यकतापूर्ति की जा सके, बिना बाधा के उन्मुक्त जिंदगी जी सकें। साथ ही कोई भी सामाजिक दायित्वों का निर्वहन न करना पड़े, साथ ही पति-पत्नी रूपी संबंधों का भार भी न हो, किसी प्रकार की कोई जिम्मेदारी न सामाजिक, न ही पारिवारिक किसी पर भी न हो, यहां तक की एक दूसरे की दिनचर्या, शारीरिक, मानसिक व अन्य प्रकार के संबंधों पर भी कोई अंगूली न उठाये, पूछताछ न हो, जिसको जो करना हो, दिनभर करे, रातभर करे, एक छत के नीचे, एक बिस्तर में सोकर सुबह अपने-अपने काम में लग जाते हैं। जिसको जो समझ में आए करे, जब तक दिल करे साथ में रहो जब दिल भर जाए तो अपने-अपने रास्ते अलग-अलग, तात्कालिक रूप से अल्पकाल में अच्छा लग सकता है, पर दीर्घकाल में दोनों एक दूसरे के प्रति भयभीत ही रहते हैं। कब कौन आ जाए, ये भय दोनों को ही रहता है, फिर वास्तविकता में

समय गुजरता जाता है। दोनों की जिंदगी का स्थायित्व भी नहीं मिल पाता है। साथ ही कोई भी नहीं चाहता कि शारीरिक संबंधों से बच्चे पैदा हों और जिंदगी एक दूसरे से बंधी रहे, यह व्यक्तिगत स्तर पर अच्छा लग सकता है, परंतु सामाजिक तौर पर ये समाज को बर्बाद हीकर रहे हैं। घाटे में स्त्री-पुरुष दोनों ही रहते हैं। साथ में समाज में परिवार के स्थायित्व के अभाव में समाज में भी विखंडन आएगा ही जो दीर्घकाल में दृष्टिगोचर होगा।

निःसंदेह यह भी सही है कि महानगरों में व्यक्तियों की जिंदगीयों में चार पल का सुकून भी काफी होता है। सारे दिन की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में सबकी अपनी महत्वाकांक्षाओं के चलते किसी को भी किसी के बारे में सोचने का वक्त ही नहीं है। परिस्थितिजन्य संबंध स्थापित हो जाएं तो भी परिस्थितियां बदलते ही तार-तार बिखरने में वक्त नहीं लगता, जो समाज को और राष्ट्र को भी बिखेरेगा ही।

भाजपा की ऐतिहासिक जीत-जनता की मजबूरी

डकैतों के दल-दल में भ्रष्टों को चुनना

पुराने वादे पूरे नहीं, नए वादों के हश्र भी देखेंगे

भोपाल। 13वीं विधानसभा में जनता ने फिर से भाजपा को गद्दी मजबूरी में सौंप दी है, बेशक भाजपा ने प्रदेश के इतिहास में उलटफेर कर कांग्रेस के इस भ्रम को तोड़ दियाहै कि कोई भी दल उनके अतिरिक्त सरकार नहीं चला सकता। इन अर्थों में भाजपा ने भले ही पिछली सरकार में तीन मुख्यमंत्री भले ही देखें हो परंतु 5वर्ष सत्ता चला कर पुनः सत्ता में जनता ने विश्वास व्यक्त किया।

पूरे प्रदेश की सत्ता ने कांग्रेस के 40वर्षों के शासनकाल को देखा है उसकी तुलना में भाजपा ने कुछ बेहतर किया, दूसरा प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा के अतिरिक्त किसी तीसरे दल का इतना मजबूत अस्तित्व ही नहीं था,यही जनता की मजबूरी थी, कांग्रेस के त्राहि-त्राहि शासन से उन्होंने भाजपा को और मुख्य रूप से मुख्यमंत्री की भोली शक्ल को जनता के प्रति समर्पण की गंभीरता को देखकर ही पुनः बहुमत से जिता दिया।

कांग्रेस उन मोटे डकैतों की पार्टी बन चुकी है, जिसे जनता के धन पर डाका डाल डकार जाने से ही मतलब रहा है। इसके विपरीत भाजपा के भी अधिकांश विधायक न केवल भ्रष्ट अपराधी, जालसाज है, वरन इन्होंने भी प्रदेश को कई स्तरों पर चौपट किया, जिसमें मुख्यरूप से भू-माफियाओं, अवैध कालोनाइजरों को न केवल खुलकर सहयोग किया, वरन् नजूल की जमीनों, कृषि भूमि, चरनोई की भूमि पर इन्होंने खूब भू-उपयोग परिवर्तन करवा कर स्वयं भी करोड़ों अरबों रुपए की कमाई की ओर उससे सैकड़ों गुना लाभ पूंजीपतियों, अवैध कालोनाइजरों, भू-माफियाओं को जनता को लुटवा कर लाभ पहुंचाया, जिसकी चर्चा पूरे मीडिया में छाई रही, पर बेशर्मो का लूटपाट में शर्म नहीं आई।

वर्ष 2007-08 में तो न केवल हर विभाग का मंत्री, विधायक वरन मुख्यमंत्री शिवराज भी इन धूर्त डकैत, भ्रष्ट, जालसाज भूमाफियाओं, कालोनाइजरों की कठपुतली बन नाचता, नियमों, कानूनों को बलाए ताक रखकर प्रदेश की जमीनों को अपनी बपौती समझकर दोनों हाथों से धन बटोरा गया। जनहित के भूत, वर्तमान, भविष्य इनके लिए औचित्यहीन हो गए, ये मुखैरों की भांति जमीनों की वैध-अवैध तरीकों से खरीद, फरोख्त कर आंख मींच नोंच खसोट करते रहे।

दूसरा अपने जीवन पर्यंत स्थाई लाभ प्राप्त करने के लिए लो.नि.वि. मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, म.प्र. सड़क विकास निगम का महाजालसाज, मक्कार, सुलेमान, प्र.सं. अधिकांश उच्च यातायात वाले राज्यमार्गों को कई गुना ज्यादा कीमतों पर सड़कों की नीलामी बीओटी के अंतर्गत कररहा है, वर्तमान में दो हजार कि.मी. से ज्यादा की सड़कें न केवल नीलाम रक जनता के वाहन चालकों से अनाप-शनाप वसूली में जुटी हैं। इस संबंध में वीवा हाइवेज की मुख्यकंपनी अशोक बिल्डकॉन के इंदौर, खंडवा, ईच्छापुर मार्ग को ही देखें तो ये 27' चौड़े मार्ग पर वसूली शुरू हुए 5वर्ष गुजरने के बाद भी न तो सील कोट किया गया और न ही दोनों ओर की 5'-5' की पट्टियां भरी गईं।

तीसरा महत्वपूर्ण मुद्दा बिजली का है, जब से विद्युत मंडल को कंपनियों में बांटने का सिलसिला चालू हुआ है केवल लूट-खसोट बढ़ी हैं। उन हरामखोर इंडियन एव्यूसिंग सर्विस के अधिकारियों को विद्युत इंजीनियरिंग का क,ख,ग, नहीं आता है। इसके बावजूद इन धूर्तों को उन कंपनियों में प्रबंध संचालक बनाकर बैठा दिया जाता है। उन गिद्धों को केवल नोंच खसोंट आती है। कानून उनके बाप की जागीर होती है जिसे वो जेब में लेकर चलते हैं। ये वो उल्लू होते हैं जिस शाख पर बैठते हैं उस गुलिस्तां को उजाड़ कर वीरान कर देते हैं। चाहे तो विद्युत वितरण कंपनियां हो, एकेवीएन हो या पूरा प्रदेश हो।

इनके बैठने के बाद विद्युत मंडल की चहुं और सिवाय बर्बादी के मंजर के अतिरिक्त कुछ नहींरह गया है। अधिकांश कार्य ठेकों पर जो मंत्रियों, नेताओं और अधिकारियों के भाई-भतीजों को सौंप दिए गए हैं कदम-कदम पर लूट का तांडव मचा हुआ है। क तरफ बेतहाशा बिजली की कीमतें बढ़ाई जारही हैं, दूसरी तरफ किसी को भी 24घंटे निर्बाध आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। चारों तरफ सफेदपोश डकैतों का तो साम्राज्य है ही, तीसरी तरफ सबसे महत्वपूर्ण ग्रामों के विद्युतीकरण की बात तो दूर गांवों में तो 12 से 22 घंटों की कटौती वर्षों से चल ही रही है। गांवों के 90% ट्रांसफार्मर्स या तो खराब पड़े हैं या गांव वालों से चंदा करके एकत्र किए रुपए 25 से 50 हजार में विद्युत वितरण कंपनियों के इंजीनियरों ने वसूली कर लगाए हैं। रखरखाव के नाम का ट्रांसफार्मर्स के तेल से लेकर खम्भों तक की पुताई का पैसा तक आई.ए.एस. से लेकर सुपरवाइजर तक सब डकारने में लगे हैं। यह हाल पूरे प्रदेश का है। जिसमें भाजपा सरकार के भ्रष्ट मंत्रियों ने भी बर्बाद होते मंडल को निचोड़ा ही है।

वैसे भी अतिशीघ्र कांग्रेस की तरह यह सरकार भी कुछ जनोपयोगी विभागों को बंद करने की तैयारी में खड़ी है जैसे कि म.प्र. का लोक निर्माण विभाग का राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग, उसके पास जितने राष्ट्रीय राजमार्ग थे इन में से अधिकांश पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण कब्जा कर के.बी.ओटी से टोल वसूलेगा, बचे हुए मार्गों को म.प्र. शासन का म.प्र. सड़क विकास निगम छीनकर उलटे सीधे 4 लेन सड़कों पर ही लीपापोती करवाकर ठेकेदारों से टोल वसूल कर वाहन चालकों से लूटमार मचाएंगे।

भाजपा की नई सरकार का, अधिकारियों को पुरस्कार

सौ दिन की कार्ययोजना पूरी होगी कागजों पर

भोपाल। म.प्र. में भाजपा सत्ता में पुनः जीत कर पहुंच गई, इसमें शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने अप्रत्यक्ष रूप में गहन भूमिका अदा की जिसे स्वयं मु.मं. शिव ने स्वीकारा। शिवराज म.प्र. की जनता की प्रति समर्पित हैं। 60% उनकी नियत पर शक भी अभी तक बेमानी नजर आया। 40% उनकी नियत भले ही साफ हो, परंतु भ्रष्ट इंडियन एव्यूसिंग सर्विस के महाधूर्तों, हरामखोरों, महाभ्रष्टों की कारगुजारियों से उछलने वाले कीचड़ से दाग तो शिव के दामन पर ही लगाए जाएंगे। इसका सीधा और सटीक उदाहरण है सूचना के अधिकार अधिनियम में किए गए आदेशों से उस अधिनियम की मूल भावना पारदर्शिता का न केवल पूर्णतः गला घोंट दिया गया, साथ ही अगर शिव में थोड़ी सी शर्म और ईमानदारी बची होती तो न केवल उन आदेशों को भी नहीं निकलता और न ही ऐसी धूर्तापूर्ण चालों का गजट नोटी फिकेशन करवाता, इसलिए वास्तविकता में तो सत्ता की भ्रष्टाचार और धूर्तापूर्ण चालों का गजट नोटीफिकेशन करवाता, इसलिए वास्तविकता में तो सत्ता की भ्रष्टाचार और धूर्तता की कालिख में इस महत्वपूर्ण तथ्य ने सिद्ध कर दिया है कि लंबी शांति से छलांगे लगाई जा रही है। भले ही आवाज न हो रही हो, पर अपने कुकर्मों और भ्रष्टाचारों की सच्चाई जनता के हाथ न लगे इसलिए सूचना के अधिकार अधि. 05 में हर नागरिक को सूचना पाने का अधिकार है, में यह व्यवस्था कर दी गई है कि बिना राज्य सरकार की आज्ञा के बिना जानकारी न दी जाए जैसे पूरी सत्ता इनकी बपौती है। कानून अपनी रखैल। जैसे चाहो उपयोग करो, वास्तविकता में तो कुछ मामलों में ये दिग्गी दानव से ज्यादा तांडव कर चुके हैं। इनके गणों ने भी भरपूर तांडव किए हैं। जंगल काटने साफ करने से लेकर मरीजों की दवाइयां डकारने तक बिल्डरों को जमीनें बांटने, बेचने से लेकर महत्वपूर्ण सड़कों तक को जो केंद्र सरकार के राजमार्ग थे उन्हें भी छीनकर इन हरामखोरों ने उन सड़कों को ठेकेदारों को बेच कर मोटी कमाई की और बनाने, निर्माण करने के नाम पर वाहन चालकों से लूटने के लिए सड़कों पर कानूनी डकैत बैठा दिए। केंद्र सरकार ने गैस, पेट्रोल, डीजल पर दाम घटाए भी तो तत्काल इन्होंने उस पर टेक्स थोंप दिए।

अब मु.मं. शिवराज ने 100 दिन की कार्य योजना बना कर जनहित के कार्यों को सम्पन्न करने की जो घोषणा की है हो सकता है कि इनकी नियत साफ हो, पर घोषणा करते ही म.प्र. लोक निर्माण, जल संसाधन, ग्रामीण यांत्रिकीय, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, कृषि उद्यानिकी, वन विभाग, पुलिस जैसे अधिकांश विभागों के जिला अधिकारियों से लेकर विकास खंड अधिकारियों से लेकर विकासखंड अधिकारियों, मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के मुंह में पानी भर आया है। दिसम्बर, जनवरी में जो पूरक बजट पास होता है, उसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि अभी अनुपूरक बजट पास होना है, अनुपूरक बजट में 100दिन की शेष पेज 3 पर

प्रतिबंधात्मक सूचना

इस समाचार पत्र एवं वेबसाइट में प्रकाशित समाचार सामग्री का पूर्ण-अपूर्ण या उसके आधार पर बनाये गये अन्य समाचार, टीवी समाचारों, टीवी एपिसोड, इंटरनेट साइटों पर नगर, प्रदेश व राष्ट्र या राष्ट्र के बाहर विश्व में किसी समाचार पत्र पत्रिका, टीवी समाचारों, डाक्यूमेंट्री या धारावाहिकों में बिना लिखित आदेश व अनुमति के उपयोग न करें. अन्यथा कॉपी राइट एक्ट के अंतर्गत इन्दौर न्यायालय में क्षतिपूर्ति एवं कानूनी कार्यवाही की जा सकती है एवं किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र इंदौर रहेगा। इस समाचार पत्र की प्रतियां लेकर कुछ जालसाज ढोंगी पत्रकार होने का ढोंग कर पैसे, चंदा, सम्मेलनों के नाम पर धन वसूली करने की शिकायतें मिल रही हैं. ऐसी किसी भी अवस्था में आप सीधे मोबाइल पर चर्चा कर स्थिति स्पष्ट कर सकते हैं. अन्यथा सीधी पुलिस और कानूनी कार्यवाही करने के लिये स्वतंत्र हैं.

आज्ञा से
प्रधान संपादक

स्वामित्वाधिकारी, प्रधान संपादक एवं प्रकाशक अजमेरा एस.पी. कुमार के लिए मीडिया वर्ल्ड कम्यु. 299-अंबेडकर नगर, इन्दौर के लिए नवनीत प्रिंटर्स जेल रोड, इन्दौर द्वारा मुद्रित. बडवानी प्रतिनिधि-नरेश नायक मो. 94250-90602, भुपेन्द्र बिल्लोरे मो.99934-49774
कम्प्यूटराईजेशन- सुनील जोशी 93290-40982, भोपाल प्रतिनिधि एस.के. भारद्वाज मो.94256-37958, खंडवा प्रतिनिधि सुशील परिहार मो. 97554-76530, इन्दौर कार्या. फोन 2304377 मो. 93007-55803